2013

HINDI

(Major)

Paper : 4.2

(Chhayavadottar Kavyadhara)

Full Marks : 80

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. निम्नलिखित के पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) किस सप्तक की भूमिका में अज्ञेय ने 'प्रयोग' शब्द को स्पष्ट किया है?

(ख) 'सदानीरा' नामक संकलन में किस कवि की सम्पूर्ण कविताएँ एकत्रित हैं?

(ग) "ध्वनि लड़ रही अपनी प्रतिध्वनि से यहाँ।" यह पंक्ति किस कविता की है?

(घ) 'अकाल में सारस' काव्य के रचयिता कौन हैं?

(ङ) 'विजय : एक क्रमिक आत्महत्या' नामक कविता किस चरित्र के नाम से लिखी गई है?

(च) कवि नागार्जुन का दूसरा नाम क्या है?

(छ) फंतासी के शिल्प-प्रयोग की चर्चा किस कवि के लिए होती है?

(ज) पठित कविताओं में से छोटी कविताओं की संख्या कितनी है?

(झ) द्वन्द्वात्मक वस्तुवाद का किस वाद से उद्भव हुआ है?

(ञ) 'समकालीन कविता' के सम्पादक कौन हैं?

2. निम्नलिखित के अति संक्षेप में उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) प्रगतिवादी और प्रयोगवादी कविताओं में चित्रित यथार्थ की भिन्नता क्या है?

(ख) 'नई कविता : स्वरूप और समस्याएँ' के रचयिता कौन हैं? किस साहित्यिक आन्दोलन के क्षेत्र में यह उल्लेखनीय है?

(ग) प्रपद्यवाद क्या है?

(घ) शिल्प की दृष्टि से धर्मवीर भारती की 'टूटा हुआ पहिया' किस श्रेणि की कविता है?

(ङ) पठित कविताओं में निषेधसूचक कविता कौन-सी है? शीर्षक और रचयिता के नाम बताइए।

3. निम्नलिखित के संक्षेप में उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) 'तार-सप्तक' के प्रकाशन पर प्रकाश डालिए।

अथवा

छायावादोत्तर कविता में प्रगतिवादी चेतना का सूत्रपात कैसे हुआ?

(ख) नई कविता की विशेषताओं में से प्रमुख एक पर विचार प्रकट कीजिए।

अथवा

'मिथक' के तात्पर्य को सोदाहरण समझाइए।

(ग) अज्ञेय की 'औद्योगिक बस्ती' जैसी रचना किस समस्या की ओर आलोकपात करती है?

अथवा

'अकाल और उसके बाद' शीर्षक कविता में स्थितियों का कैसा चित्र उकेरा गया है?

(घ) मुक्तिबोध किस धारा के कवि हैं?

अथवा

धूमिल द्वारा रचित 'मेरी कविता' का वर्ण्य विषय क्या है?

4. निम्नलिखित की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए : 8×2=16

(क) अगर मैं यह कहूँ—
बिछली घास हो तुम
लहलहाती हवा में कलगी छरहरी बाजरे की?
आज हम शहरातियों को

अथवा

परस पाकर तुम्हारा ही प्राण
पिघलकर जल बन गया होगा कठिन पाषाण
छू गया तुमसे कि झरने लग पड़े शेफालि के फूल
बाँस था कि बबूल!

(ख) लाभकारी कार्य में से धन
व धन में से हृदय-मन
और, धन-अभिभूत अन्तःकरण में से
सत्य की झाईं

अथवा

मैं उन्हें बाहर लाना चाहता हूँ
अन्तःपुर में। अन्तःपुर पर
मरे हुए हैं जो अनेक कवि
मैं उन्हें बाहर लाना चाहता हूँ

5. 'कविता की मौत' में धर्मवीर भारती ने युगीन संवेदना को आस्था की वाणी दी है। इसका विवेचन कीजिए। 12

अथवा

केदारनाथ सिंह द्वारा रचित 'धानों का गीत' के प्रतिपाद्य पर प्रकाश डालिए।

6. "शमशेर शैल्पिक संयोजना के एक रूपवादी कवि हैं।" पठित कविता के आधार पर इस तथ्य की पुष्टि सोदाहरण कीजिए। 12

अथवा

यथार्थ-चित्रण की दृष्टि से धूमिल के कवि-व्यक्तित्व का मूल्यांकन कीजिए।

★★★